मेला : आज से लो पीओएस टिकट

फरीदाबाद, जासंकें : सूरजकुंड मेले में शनिवार और रविवार को मेले में लोगों की खूब भीड़ उमड़ती है। दर्शकों को टिकट खरीदने में परेशानी न आए, इसके लिए हरियाणा पर्यटन विभाग ने प्रत्येक प्रवेश द्वार पर खास तरह की मशीनें लगाई हैं। यह मशीन विजनटैक-92 पीओएस (प्वाइंट आफ सेल टर्मिनल)के नाम से हैं। शनिवार से इन मशीनों पर 25 व 50 रुपये की टिकट ली जा सकती हैं।

एक समय में एक प्वाइंट पर दर्जन भर व्यक्तियों की टिकट देने की सुविधा है। पीओएस के माध्यम से प्रतिदिन की रिपोर्ट भी हासिल की जा सकती है।